# JALAUN POLICE

## दिनांक – 13.09.2026

**पुलिस अधीक्षक जालौन की अध्यक्षता में ग्राम पचीपुरी में मिशन शक्ति के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं, महिलाओं, ग्रामवासियों को महिला सशक्तिकरण व साइबर अपराध से बचाव के प्रति किया गया जागरूक।**

अवगत कराना है कि ग्राम पचीपुरा थाना कोंच में मिशन शक्ति के तहत आयोजित जन चौपाल के अवसर पर पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा स्कूली बालिकाओं एवं महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जालौन पुलिस बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर लगातार प्रयासरत है। स्कूल, कॉलेज, बाजार, सार्वजनिक स्थान अथवा कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर पीड़ित महिलाएं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- (वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076) के माध्यम से तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती हैं। महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों का एक बड़ा कारण अशिक्षा है। इसलिए आवश्यक है कि हम अपनी बेटियों को हर हाल में शिक्षित करें, ताकि वे किसी भी कार्य में सक्षम हो सकें। आज महिलाएँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, परंतु उन्हें और अधिक स्वावलम्बी बनाने के लिए उनमें नेतृत्व की भावना जागृत करना अत्यंत आवश्यक है। यदि बेटियों में नेतृत्व की भावना विकसित होगी तो वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनकर स्वाबलम्बी व आत्मनिर्भर होंगी।

कार्यक्रम के दौरान आमजनमानस को बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर अपराधी सोशल मीडिया, गेमिंग एप्लीकेशन, फर्जी लिंक एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गये लिंक, मैसेज, ओटीपी अथवा फाइल को बिना सत्यापन खोले जाने से मोबाइल फोन एवं निजी डाटा हैक हो सकता है, इसके लिये विश्वसनीय एवं आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही एप्लीकेशन डाउनलोड करनी चाहिए तथा ग्रामवासियों को बताया गया कि सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत फोटो, मोबाइल नम्बर, पता, बैंक सम्बन्धी जानकारी एवं अन्य निजी सूचनाएँ साझा करना जोखिमपूर्ण हो सकता है। इंटरनेट का सकारात्मक एवं सुरक्षित उपयोग करने, साइबर बुलिंग से बचने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया।

मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी पूनम यादव ने कहा कि यदि किसी बालिका अथवा महिला के साथ किसी प्रकार का अपराध होता है तो उसे चुप नहीं रहना चाहिए। परिजनों को जानकारी देने के साथ ही तत्काल सूचना देनी, जिससे संबंधित आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद, एसएसआई थाना कोच विमलेश कुमार, प्रभारी मिशन शक्ति एसआई पूनम यादव व क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, बालिकाएं मौजूद व ग्रामवासी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना।

**"जालौन पुलिस का मिशन शक्ति अभियान लगातार जारी है।"**

**"जालौन पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु 24*7 प्रतिबद्ध है।"**